Bharat Temples

मेरी विनती यही है राधा रानी,
कृपा बरसाए रखना,
हे राधा रानी कृपा बरसाये रखना,
हे श्यामा प्यारी कृपा बरसाये रखना,
मुझे तेरा ही सहारा महारानी,
चरणों से लिपटाए रखना,
कृपा बरसाये रखना।।

भजन मेरी विनती यही है राधा रानी।

हे भक्त वत्सला श्यामा,
विनय स्वीकार कर लो,
निज भक्तो की सेवा में,
निज संतो की सेवा में,
सदा ही लगाए रखना,
कृपा बरसाये रखना,
हे राधा रानी कृपा बरसाये रखना।।

दोहा मैं भी तुम्हारे दर पर,
आया हूँ बनके सवाली,
करो कृपा की एक नज़र,
राधे बरसाने वाली।

राधा राधा राधा राधा राधा,
राधा राधा राधा राधा राधा।

नित होती रहे श्यामा जु,
कृपा की बरसात मुझ पर,
अपनी करुणा का सागर,
अपनी करुणा का सागर,
ह्रदय में समाए रखना,
कृपा बरसाये रखना,
हे राधा रानी कृपा बरसाये रखना।।

लिए पाप की गठरी सर पे,
द्वार आकर के पड़ा,
मुझ अधम निठुर को श्यामा,
मुझ अधम निठुर को श्यामा,
सदा ही निभाए रखना,
कृपा बरसाये रखना,
हे राधा रानी कृपा बरसाये रखना।।

दोहा दुखियों को अपनाने वाली है,
रोतो को हंसाने वाली है,
कन्हैया से मिलाने वाली है,
ऐसी मेरी श्यामा बरसाने वाली है।

ये चित्र-विचित्र श्यामा प्यारी,
तुम्हारे गुण गाते रहे,
पागल के सिर पर हाथ,
पागल के सिर पर हाथ,
सदा ही रखाए रखना,
Bhajan Diary Lyrics,
कृपा बरसाये रखना,

हे राधा रानी कृपा बरसाये रखना।।

मेरी विनती यही है राधा रानी,
कृपा बरसाए रखना,
हे राधा रानी कृपा बरसाये रखना,
हे श्यामा प्यारी कृपा बरसाये रखना,
मुझे तेरा ही सहारा महारानी,
चरणों से लिपटाए रखना,
कृपा बरसाये रखना।।

स्वर श्री चित्र विचित्र जी महाराज।

Source: https://www.bharattemples.com/kripa-barsaye-rakhna/

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw